नामनिधिः
सत्यानन्दवेदवागीशः

प्रकाशक:
सत्यानन्दवेदवागीश:
272 आर्यनगर, अलवर, (301 001)

卐

वि० संवत्–२०४५
प्रथमसंस्करणम् ।

मूल्यम्–१२.०० द्वादशरूप्यकाणि ।

卐

मुद्रक :
श्री शङ्कर मार्ट प्रिण्टर्स, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर ।

विषय-सूची

निवेदन	....	१ — २४
नामकरण-संस्कारविधिः	....	१ — २२
बालक-नामानि	....	२३— ६९
बालिका-नामानि	....	७०— ८६
बालक-कठिननामार्थाः	....	८७— ९४
बालिका-कठिननामार्थाः	....	९४— १००

आचार्य धर्मधर आर्य

आर्य वीर दल मुम्बई

"अन्वर्थनामा भव मे
पुत्र! मा व्यर्थनामकः ।।"*

—हे पुत्र! तू अपने नाम के अर्थ के अनुकूल आचरण करने वाला बन, विपरीत आचरण वाला मत बन।

सम्पर्क - 9029421718

---

* राजमाता विदुला का स्वपुत्र सञ्जय को उपदेश

[महा० उद्योग० १३४.७]

निवेदन

संस्कार-कथा-प्रवचन-यज्ञयागादि-सम्पादन-प्रधान जीवनवृत्ति होने के कारण प्रायः लोग अपने नवजात बालक-बालिकाओं के लिये कोई उत्तम 'नाम' पूछते रहते हैं। ऐसे अवसरों पर उनकी सुविधा के लिये बीस-तीस नाम लिखकर उन्हें देना स्वाभाविक है। पर अन्यत्र पूछे जाने पर वे ही नाम स्मृत रहें यह, आवश्यक नहीं। वहाँ कुछ अन्य नाम लिखकर देना होता है। आर्यभवन, कमलानगर, दिल्ली के श्री सेठ दीपचंदजी आर्य के सुपुत्र श्री सत्यपाल जी आर्य ने अपने पुत्र के जन्म के अनन्तर जब एक व्यक्ति केवल इसीलिये अलवर भेजा कि वह कुछ अच्छे नाम मुझ से लिखवाकर ले आये। तब उसे तो कुछ नाम लिखकर बिदा कर दिया गया, पर मैंने सोचा कि, यह सदा की कठिनाई है, दोनों ओर की असुविधा के निवारणार्थ क्यों नहीं एक विस्तृत नामावली तैयार कर ली जाय। फलतः नामों के चयन, संग्रह, ऊह आदि का कार्य आरम्भ किया। चिन्तन चलता रहा। लिखता रहा। फिर उसे वर्णानुक्रम से व्यवस्थित किया और लगभग ३५ पृष्ठ (फुल स्केप्) तैयार करके, फोटो स्टेट् करवाने हेतु श्री धर्मपाल जी आर्य को दिल्ली भेज दिये। पर उससे तो एक दो परिवारों का ही हित हो सकता था। कुछ पुरोहितों ने उससे छायाप्रति प्राप्त की। किन्तु सर्वहितकारी बनाने के लिये मैंने इसे पुस्तक रूप में प्रकाशित करवाना ही उचित समझा। उस संग्रह का और विस्तार करता रहा और अन्त में इसके प्रकाशन का प्रबन्ध किया गया।

यह नामावली मुख्यतः 'नामकरण' संस्कार के लिये उपयोगी है, अतः इसमें 'नामकरण' संस्कार की सारी विधि विस्तार से देने का निर्णय किया।

इस संग्रह को हमने **'नामनिधिः'** नाम दिया है। इसके तीन भाग हैं—

१. नामकरण-संस्कारविधि। २. नामावली (बालकनामानि+बालिकानामानि)। ३. कठिन नामों के अर्थ। इन तीनों भागों के कुछ विशिष्ट बिन्दुओं पर हम कुछ निवेदन करना उचित समझते हैं।

संस्कार-भाग

यज्ञिय वस्त्र

संस्कार और अग्निहोत्रादि यज्ञकर्म के लिये धारणीय वस्त्र स्वच्छ हों। पर्याप्त समय तक सरलता से बैठा जा सके, इसलिये ढीले ढाले वस्त्र हों, कसे हुए तंग वस्त्र न हों। अहिंसा से प्राप्य रेशम, ऊन, सण या रूई के बने हों। नाइलोन, पोलिस्टर, टेरेलीन, एक्रिलिक आदि अग्नि पकड़ने वाले उपादानों से बने वस्त्र यज्ञोपयोगी नहीं हैं। बहुत तड़कीले,, भड़कीले वस्त्र भी अनुपयोगी हैं। जहाँ तक हो श्वेतवस्त्र हों तो अच्छा है। अथवा हल्के रंग वाले सौम्य आभा वाले वस्त्र भी पहिने जा सकते हैं। पीताम्बर पहिनकर

बंठना भी अनिष्टकारक नहीं है। 'यज्ञादि में कैसे भी रंगीन वस्त्र नहीं पहिने जा सकते' ऐसा मानना हमारी दृष्टि में उचित नहीं है। यज्ञकर्म में श्वेतवस्त्र-मात्र का ही विधान मानने वाले कुछ लोगों का मत है कि:—

"केवल यज्ञ ही नहीं तद्भिन्न अतिरिक्त समय में भी द्विजों के लिये रंगा हुआ वस्त्र पहिनना वर्जित है'। 'स्नातक के व्रतों का वर्णन करते हुए लिखा है कि ………… कुसुम्बादि सारे रंग वस्त्रों में वर्जनीय हैं अर्थात् किसी भी रंग में रंगा हुआ वस्त्र गृहस्थ स्नातक को नहीं पहिनना चाहिये।' 'जब स्नातक के लिये यज्ञातिरिक्त समय में भी रंगीन वस्त्र पहिनना वर्जित है तो फिर यज्ञ में पीले रंगे हुए वस्त्रों का प्रयोग शास्त्रविरुद्ध होने के कारण कैसे सम्भव है।' 'श्वेत रंग सतोगुण का सूचक है। सतोगुण मनुष्य को श्रेष्ठ कार्यों में प्रेरित करता है। सतोगुण-प्रधान मनुष्य राग से हटकर वैराग्य की ओर जाता है। मनुष्य के अन्तःकरण में सुप्त रूप में बर्त्तमान सात्त्विक भाव और वैराग्य के उद्बोधन के लिये ही सन्ध्या अग्निहोत्रादि समस्त शुभ कर्मों में सभी आचार्यों ने अहत अर्थात् नूतन श्वेत वस्त्र पहिनने का विधान किया है।"❀

इन उद्धरणों से यज्ञकर्म में रंगीन वस्त्र पहिनने के विरोध में हेतुभूत दो बातें निकलती हैं। १. स्नातक को रंगे हुए वस्त्र पहनने का निषेध है। २. श्वेत रंग सत्त्वगुण और वैराग्य का प्रेरक है जब कि अन्य सारे रंग आसक्ति के वर्धक हैं।

पर ये दोनों ही बातें प्रायिक हैं, सर्वथा सर्वदा उपादेय नहीं हैं। देखिये— १. स्नातक के लिये पीले वस्त्र धारण करने का भी विधान है—

'………इस मन्त्र को बोल के ब्रह्मचारी उदुम्बर की लकड़ी से दन्तधावन करे। तत्पश्चात् सुगन्धि-द्रव्य शरीर पर मल के शुद्ध जल से स्नान कर, शरीर को पोंछ, अधोवस्त्र अर्थात् धोती वा पीताम्बर धारण करके, सुगन्धियुक्त चन्दनादि का अनुलेपन करे'। (संस्कारविधि, समावर्त्तन-संस्कार)।

२. श्वेत रंग ही सत्त्वगुण और वैराग्य का प्रेरक है और अन्य सभी रंग आसक्ति-वर्धक हैं, यह बात भी सर्वांश में ठीक नहीं है। चार आश्रमों में से दो आश्रम ऐसे हैं, जिनमें मुख्यरूप से सत्त्वगुण और वैराग्य की विशेष आवश्यकता है, वे हैं—ब्रह्मचर्याश्रम और संन्यासाश्रम। ब्रह्मचारी और संन्यासी को सत्त्व गुण और वैराग्य का वातावरण न मिले तो उनके वेदाध्ययन और ब्रह्मचिन्तन जैसे कार्य कभी सिद्ध नहीं हो सकते। अब देखिये कि इन दोनों आश्रमियों के लिये रंगे हुए वस्त्रों का भी विधान है।

ब्रह्मचारी के लिये—

(i) ब्रह्मचार्येति समिधा समिद्धः कार्ष्णं वसानो दीक्षितो दीर्घश्मश्रुः (अथर्व० ११.५.३)
—कार्ष्णं वसानः=कृष्ण मृगचर्मादि को धारण करने वाला।

❀ 'शङ्का-समाधान-लेखमाला' (स्वामी मुनीश्वरानन्द-सरस्वतीकृत, प्र. भा., पृ. ६-११)

(ii) 'काषायमप्येके' (गौ० धर्म० १.१.१६)—एके त्वाचार्याः काषायेण रक्तमपि धार्यं मन्यन्ते (हरदत्तवृत्तिः)।

वार्क्षं ब्राह्मणस्य माञ्जिष्ठहारिद्रे इतरयोः' (गौ०-धर्म० १.१.२०)-वृक्षकषायेण रक्तं वार्क्षं, तद् ब्राह्मणस्य। मञ्जिष्ठया रक्तं माञ्जिष्ठम्। हरिद्रया रक्तं हारिद्रम्। ते इतरयोः। क्षत्रियवैश्ययोरिति यावत् (ह० वृत्तिः)।

(iii) 'यदि वासांसि वसीरन् रक्तानि वसीरन्, काषायं ब्राह्मणो माञ्जिष्ठं क्षत्रियो हारिद्रं वैश्यः' (आश्व० गृ० १.१६.६)।

संन्यासी के लिये—

'क्लृप्तकेशनखश्मश्रुः पात्री दण्डी कुसुम्भवान्।
विचरेन्नियतो नित्यं सर्वभूतान्यपीडयन्॥' (मनु० ६.५२)

— 'सब शिर के बाल, दाढी, मूँछ और नखों को समय समय छेदन कराता रहे। पात्री, दण्डी और कुसुंभ के रंगे हुए अथवा गेरू के रंगे हुए वस्त्रों को धारण किया करे'।

इन उद्धरणों से स्पष्ट है कि सत्त्वगुणाश्रयी ब्रह्मचारी के लिये भी रंगे हुए वस्त्रों का वैकल्पिक विधान है। ब्राह्मण विद्यार्थी काषाय रंग, क्षत्रिय मजीठे के लाल रंग और वैश्य हल्दी के पीले रंग से रंगे वस्त्रों को पहिन सकता है। आचार्य आश्वलायन के मतानुसार तो सभी ब्रह्मचारी मृगचर्म ही पहिनें। यदि कपड़े पहिनें तो वे रंगे हुए ही पहिनें— 'यदि वासांसि वसीरन् रक्तानि वसीरन्' (आश्व. गृ. १. १६. ६)। मृगचर्म भी प्रायः कृष्ण रंग का या भूरे या मटमैले रंग का होता है। अथर्ववेद के अनुसार भी ब्रह्मचारी के लिये दीर्घश्मश्रुत्व की अवस्था तक भी कार्ष्ण वस्त्र (अथवा कृष्णमृगचर्मादि) पहिनने का विधान है। तो क्या इन उपर्युक्त वचनों में विहित, वस्त्रों का काला, कसैला, लाल या पीला रंग ब्रह्मचारी को सत्त्वगुण से हटाकर तमोगुण या रजोगुण में प्रवृत्त कराने वाला माना जायेगा? यदि कहें कि यज्ञातिरिक्त समय में तो ब्रह्मचारी भले ही रंगे हुए वस्त्र या मृगचर्म धारण करलें, पर यज्ञकाल में तो श्वेत ही वस्त्र पहिनें, तो ऐसा न तो कहीं विधान हैं और न ही यह सुसङ्गत है। ब्रह्मचारी का अपरिग्रही जीवन, अनेक प्रकार के वस्त्रों के संग्रह की आज्ञा नहीं देता। यदि उपर्युक्त बात को मान भी लिया जाय तो, यज्ञकर्म में रंगे वस्त्रों के विरोधियों की व्याख्या के अनुसार, उसका यह अर्थ होगा कि ब्रह्मचारी यज्ञकाल में तो श्वेतवस्त्र धारण करके सत्त्वगुणी बने और अन्य सारे समय में अपने रंगे हुए वस्त्रों के रंग के प्रभाव से स्वयं को तमोगुण या रजोगुण में लिप्त होने दे!

'श्वेतातिरिक्त रंगमात्र आसक्ति का वर्धक है', यह बात बिल्कुल बचकाना है। यदि ऐसा होता तब तो वैराग्य-प्रधान संन्यासी के लिये केवल-मात्र श्वेत वस्त्रों का ही विधान होता। जबकि उसके लिये कुसुंभ या गेरू से रंगे हुए वस्त्रों का अनिवार्य विधान है।

बड़े-बड़े वैराग्यवान् संन्यासी हो गये हैं और हैं, जो विधानानुसार आजीवन कौसुम्भ या गेरुए वस्त्र धारण करते रहे। कभी किसी ने यह अनुभव नहीं बताया कि हमें इन रंगे वस्त्रों से सत्त्वगुण या वैराग्य बनाये रखने में बाधा पड़ती है।

अतः यज्ञकर्म में पीले आदि रंगों से रंगे हुए सौम्य वस्त्र भी पहिने जा सकते हैं। यदि कहें कि 'अजी यज्ञकर्म में तो श्वेत वस्त्र ही पहिनने चाहिएँ, क्योंकि वहां तो रंगे वस्त्र पहिनते ही रजोगुण या तमोगुण, यज्ञकर्ता को प्रभावित करने लगता है' तो भाई यह रंग वाली बात वस्त्रों पर ही क्यों लादते हो। फिर तो यज्ञवेदि से रंगमात्र को ही उड़ा दो। फिर "नित्य मार्जन तथा गोमय से लेपन करें और कुंकुम हल्दी मैंदा की रेखाओं से सुभूषित किया करें" (सं. वि., सामान्य-प्रकरण) इस विधान को भी नकार दो। गोमय गुबरेला पीला, कुंकुम लाल और हल्दी पीली होती है। ध्वज, पताका, पल्लव आदि भी लाल, पीले और हरे हैं। सबको हटाकर, सब चीजों को केवल मात्र सफैदी से ही पोत दो। पर फिर भी रंग वाली बात का तो यज्ञकर्म से हटना असम्भव ही है। क्योंकि जिस अग्नि में यजमान आहुति देने जा रहे हैं वह भी तो रंगीली है। अग्नि की ज्वालाएँ पीली-पीली और अंगारे लाल-लाल। पीले-लाल रंग से कहाँ तक बचोगे। जब प्रतिक्षण आंखों के सामने नाचने वाली रंग-रंगीली अग्नि-शिखाएँ, यजमान को सत्त्वगुण से विचलित नहीं कर पातीं और उसमें रजोगुण को नहीं भड़का सकतीं तो बेचारे रंगे हुए वस्त्रों की क्या बिसात है कि वे यजमान को दिङ्मूढ कर सकें।

फलतः सिद्ध है कि यज्ञ में पीताम्बर आदि रंगीन वस्त्र भी धारण किये जा सकते हैं।

सङ्कल्प-पाठ

संस्कार-यज्ञकर्म में सङ्कल्प-पाठ करना अनिवार्य है। यद्यपि 'संस्कारविधि' में इसका पूर्ण निर्देशन नहीं है, तथापि 'ऋग्वेदादिभाष्य-भूमिका' से आचार्य का यह मन्तव्य स्पष्ट है कि संस्कारों में ही नहीं अपितु प्रतिदिन ही यज्ञादि शुभकर्म के आरम्भ में सङ्कल्प-पाठ करना आवश्यक है। संस्कारविधि में भी ऋत्विग्वरण-प्रसङ्ग में लिखित 'अहमद्योक्त-कर्मकरणाय भवन्तं वृणे' यह वाक्य सङ्कल्पपाठ का ही निर्देशक है। इस वाक्य के अहम् अद्य और उक्तकर्म इन तीनों शब्दों का व्यवस्थित विस्तृत विवरण ही तो सङ्कल्पपाठ है। अतः पूर्ण सङ्कल्पपाठ का करना गुणावह ही है।

बहुत्र प्रचलित सङ्कल्पपाठ में 'दिवसे' पद का प्रयोग नहीं होता है, पर हमने यहाँ उसका प्रयोग किया है। ब्राह्म अहोरात्र में सर्गकाल दिवस है और प्रलयकाल रात्रि। अतः सर्गकाल के क्रियाविधान में 'दिवस' का उल्लेख उचित है।

सृष्टिसंवत् के विषय में वैदिक लोगों में दो गणनाएँ प्रचलित है। एक है—१,६६,०८,५३,०८६ और दूसरी है—१,६७,२६,४६,०८६। पहिली गणना का आधार है 'ऋग्वेदादिभाष्य-भूमिका' और दूसरी गणना का आधार है—भास्कराचार्य के 'सिद्धान्त-शिरोमणि' ग्रन्थ का निम्न० श्लोक—

'इदानीं वर्त्तमानदिनगतमाह--
याताः षण्मनवो युगानि भमितान्यन्यद् युगाङ्घ्रित्रयं,
नन्दाद्रीन्दुगुणास्तथा शकनृपस्यान्ते कलेर्वत्सराः ।
गोऽद्रीन्द्वद्रिकृताङ्कदस्रनगगोचन्द्राः, शकाब्दान्विताः,
सर्वे सङ्कलिताः पितामहदिने स्युर्वर्त्तमाने गताः ।।

(सिद्धान्तशिरोमणिः, ग्रहगणिते, मध्यमाधिकारे, कालमानाध्याये २८ श्लोकः)

इस श्लोक के उत्तरार्ध के अनुसार शकाब्द आरम्भ होने से पूर्व, पितामहदिन (= सर्गकाल) के गो (९), अद्रि (७), इन्दु (१), अद्रि (७), कृत (४), अङ्क (९), दस्र [= अश्विनी नक्षत्र] (२), नग (७), गो (९), चन्द्र (१) = १,९७,२९,४७,१७९ एक अरब सतानवे करोड़ उनतीस लाख सेंतालीस हजार एक सौ उनासी वर्ष बीत चुके थे। उसमें शकाब्द के अब तक बीते हुए १९१० वर्ष जोड़ देने पर १,९७,२९,४९,०८९ एक अरब सतानवे करोड़ उनतीस लाख उनपचास हजार नवासी वर्ष वर्त्तमान पितामह दिन (=सर्गकाल) के व्यतीत हो गये यह गणना बैठती है।

इन दोनों ही मान्यताओं से यह स्पष्ट है कि वर्त्तमान में ब्राह्म दिवस के द्वितीय प्रहर का उत्तरार्ध चल रहा है। अतः हमने द्वितीय-प्रहरोत्तरार्धे पाठ दिया है, जब कि प्रचलित सङ्कल्प-पाठ में 'द्वितीये प्रहरार्धे' अथवा 'द्वितीयप्रहरार्धे' पाठ है। इस प्रकार का पाठ अपूर्ण, अस्पष्ट और भ्रामक है। यदि इस प्रचलित पाठ का यह अर्थ लें कि द्वितीय प्रहर का अर्धभाग अर्थात् मध्यभाग चल रहा है तो वह अशुद्ध है। क्योंकि द्वितीय प्रहर का मध्यभाग तो १,६२,००,००,००० वें वर्ष में कभी का बीत चुका। प्रथम प्रहर १,०८,००,००,००० वर्ष का और द्वितीय प्रहर का मध्यभाग उसके आधे ५४,००.००,००० चौवन करोड वर्ष उसमें और जुड़ने पर आ गया था। यदि अर्ध का मध्यभाग अर्थ न लगाकर आधा अर्थ ही लें तो भी सन्देह रहता है कि द्वितीय प्रहर का कौनसा अर्ध ? पूर्वार्ध या उत्तरार्ध ? एक यह भी अर्थ निकल सकता है कि 'दूसरे प्रहरार्ध में' तब और भी सन्देह उपस्थित होगा कि कौन से प्रहर के द्वितीय अर्ध में ? प्रथम प्रहर के या द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ के ? अतः इन सब संशयों के निवारणार्थ 'द्वितीय-प्रहरोत्तरार्धे' पाठ समीचीन है। जिसका अर्थ हुआ 'द्वितीय प्रहर के उत्तरार्ध में'। इसके स्थान पर असमस्त 'द्वितीये प्रहरे तदुत्तरार्धे' भी पढा जा सकता है।

आचमन

हमने यहां आचमन व अङ्गस्पर्श का क्रम ईश्वरस्तुतिप्रार्थनोपासना-स्वस्तिवाचन-शान्तिकरण से पूर्व रखा है। कई लोग शान्तिकरणान्त कर्म के पश्चात्, यज्ञारम्भ से पूर्व आचमन कर्म करना मानते हैं। हमारी दृष्टि में, 'ईश्वरस्तुति० स्वस्ति० शान्ति०' आदि संस्कार के ही अङ्ग हैं। संस्कार एक कर्म है। ईश्वरस्तुति० आदि को संस्कार का अङ्ग न मानें तो भी कोई क्षति नहीं है। ईश्वरस्तुति० आदि के मन्त्रों का पाठ=वेदपाठ स्वयं एक

कर्म है और कर्म का आरम्भ शुद्ध होकर ही करना चाहिये । स्नानादि के समान ही आचमन भी शुद्धिकारक है । अतः आचमन करके ही कर्म का आरम्भ करने का लेख है । देखिये—

> मनःप्रसादात् सत्योक्त्या तपसा स्नानकर्मणा ।
> आचान्त्या चाऽऽत्मनः शुद्धिं कृत्वा कर्म समारभेत् ।।
>
> (आश्व. श्रौ. १.१.४ की नारायणवृत्ति में उद्धृत)

—मानसिक प्रसन्नता, सत्यवचन, तप, स्नान और आचमन के द्वारा स्वयं को शुद्ध करके कर्म का आरम्भ करे ।

किं च, सन्ध्यादि शुभकर्मों में आचमन का प्रयोजन बताते हुए आचार्य ने लिखा है— "आचमनमप्यालस्यस्य कण्ठस्थकफस्य च निवारणार्थम्" (पञ्चमहायज्ञविधि, सन्ध्योपासना-प्रकरण)–आलस्य और कण्ठस्थ कफ की निवृत्ति के लिये आचमन किया जाता है ।। इसी प्रयोजन को लक्ष्य में रखकर कर्मों के आरम्भ में ही आचमन का विधान किया गया है । यथा—

(i) 'प्रथम शरीरशुद्धि अर्थात् स्नानपर्यन्त कर्म करके सन्ध्योपासन का आरम्भ करें । आरम्भ में दक्षिण हस्त में जल लेके 'ओम् अमृतो०........' इन तीन मन्त्रों में से एक-एक से एक-एक आचमन कर ....' (सं० वि०, गृहाश्रमविधि) ।

(ii) 'शन्नो० इस मन्त्र से तीन आचमन करके अग्निहोत्र का आरम्भ करे । (सं० वि०, गृहाश्रमविधि) ।

जब दैनिक सन्ध्या के १९ (=३५) मन्त्रों के पाठ के अन्तराल में और दैनिक अग्निहोत्र के १६ अथवा ३६ मन्त्रों के पाठ के अन्तराल में सम्भाव्य कण्ठस्थ कफ अथवा आलस्य की निवृत्ति के लिये आरम्भ में आचमन करने का विधान किया गया है तो फिर ईश्वरस्तुति० आदि के ६७ (=८+३१+२८) मन्त्रों के अन्तराल में सुतरां सम्भाव्य आलस्य और कण्ठस्थ कफ के निवारणार्थ उनके आरम्भ में आचमन करना क्यों नहीं आवश्यक है ? यह क्या बात हुई कि ६७ मन्त्र तो कफ और आलस्य की अवस्था में बोले जायें और बाद के थोड़े से हवनमन्त्रों को कफालस्य-रहित अवस्था में बोलने के लिये, हवन से पूर्व आचमन किया जाय ? पूर्व के ईश्वरस्तुति० आदि के ६७ मन्त्रों ने क्या बिगाड़ा है जो उनके साथ भेदभाव बरता जाय । अतः कर्मारम्भ में अर्थात् ईश्वरस्तुति० से पूर्व आचमन और अङ्गस्पर्श अवश्य करना चाहिये ।

इतना होने पर भी कुछ सज्जन आचमन को ईश्वरस्तुति० आदि से पूर्व करना अनुचित बताते हैं । यथा—

"प्रत्येक संस्कार में जहाँ जहाँ महर्षि ने आवश्यक समझा वहाँ २ इनका विधान कर दिया है ।"

"ध्यान रहे वेदपाठ के आरम्भ में कहीं भी आचमन तथा अङ्गस्पर्श का विधान नहीं है । इसलिये महर्षि ने भी इनके आरम्भ में आचमन करने का विधान नहीं किया ।

अतः वेदपाठ रूप इन तीनों कर्मों के (=ईश्वरस्तुति० आदि के) आरम्भ में आचमन तथा अङ्गस्पर्श करना विधि का अङ्ग न होने से उचित नहीं।" ✻

इन उद्धरणों से स्पष्ट है कि ईश्वरस्तुति० आदि से पूर्व आचमन करने के विरोधी लोग, अपने मत की पुष्टि में दो हेतु देते हैं—१. महर्षि का 'संस्कारविधि' में क्रमनिर्देश और २. किसी भी पूर्वाचार्य के लिखित ग्रन्थ में, वेदपाठ के आरम्भ में आचमन करने के विधान का न मिलना।

इस विषय में हमारा निवेदन यह है कि, महर्षि ने यद्यपि संस्कारविधि में सबसे पूर्व ही ईश्वरस्तुति० आदि का पाठ दिया है, तथापि वहाँ पौर्वापर्य का क्रम अभिप्रेत नहीं है। ईश्वरस्तुति० आदि का पाठ पूर्व देने का अभिप्राय तो यही प्रतीत होता है कि इनका लम्बा मन्त्रपाठ क्रियाकाण्ड के लेख के मध्य में आजाने से कहीं क्रियाविधान के समझने में साधारणजनों को कठिनाई न हो जाय अतः इन्हें पृथक् से ही पढ़ दिया जाय। यदि किन्हीं का यही आग्रह हो कि 'अपना अभिप्राय लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है, संस्कारविधि में महर्षि ने जिस बात को जिस क्रम से लिखा है, हम तो उसी क्रम से करेंगे' फिर तो उन्हें प्रत्येक संस्कार के दिन, आरम्भ में सबसे प्रथम ईश्वरस्तुति० आदि करने के पश्चात् यज्ञशाला (=यज्ञमण्डप) तैयार करना चाहिये। जिसमें तदर्थ मिट्टी का खनन, पूरण, यज्ञवेदि का निर्माण, ध्वज-पताका-पल्लव आदि का बन्धन, कुंकुम-हल्दी आदि से वेदि का सुभूषण आदि सभी कार्य सम्मिलित हैं। और तदनन्तर ही यज्ञ-समिधाओं का कर्त्तन, होमद्रव्यों का संशोधन-खण्डन-पेषण और स्थालीपाकादि का पाक आदि करना चाहिये। तथा यह सब हो जाने पर पात्र-संग्रह करके फिर ऋत्विग्वरण और आचमनादि हवनकार्य करना चाहिये। क्योंकि संस्कारविधि में ऐसा ही क्रम दिया है। और यदि ऐसा किया जाय तो नामकरण जैसे एक लघु संस्कार में भी कम से कम एक दिन पूरा व्यतीत हो जायेगा और यजमान-ऋत्विक् के अतिरिक्त सभी इष्ट मित्र हितैषी आगन्तुक जन उस संस्कार के ईश्वरस्तुति० आदि का पाठ करने के बाद आशीर्वादावधि संस्कारसमाप्ति की प्रतीक्षा करते हुए मृत्खनन-पूरण-वेदिमण्डप-निर्माणादि कार्यों को यावद्दिवस निहारा करेंगे।

यदि कोई कहे कि इस प्रकार का उल्टा अर्थ लेने का यहाँ कोई कारण नहीं है, क्योंकि यद्यपि ईश्वरस्तुति० आदि का पाठ, यज्ञमण्डप (=यज्ञशाला) निर्माण से पूर्व लिखा है, किन्तु वहाँ शान्तिकरण के अन्त में इनका पाठ करके फिर अगला कार्य करे ऐसा नहीं लिखा'। तो हमारा निवेदन है कि क्या जहाँ 'करके' शब्द का प्रयोग उपलब्ध हो वहाँ पौर्वापर्य के क्रम का पक्का अर्थ मानेंगे? यदि हाँ, तो देखिये—

"और पृष्ठ ११ में कहे प्रमाणे स्वस्तिवाचन तथा पृष्ठ १६ में लिखे प्रमाणे शान्तिकरण करके पृष्ठ २० में लिखे प्रमाणे यज्ञदेश, यज्ञशाला तथा पृष्ठ २०-२१ में यज्ञकुण्ड, पृष्ठ २१-२२ में यज्ञसमिधा, होमद्रव्य और स्थालीपाक आदि करके और पृष्ठ ३६-३७ में लिखे प्रमाणे (अयन्त इध्म०) इत्यादि........" (सं. वि., पुंसवनसंस्कार)।

✻ 'शङ्का-समाधान-लेखमाला' प्र. भा. (स्वामी मुनीश्वरानन्दसरस्वतीकृत पृष्ठ २३)।

यहाँ स्पष्ट रूप से शान्तिकरण के बाद 'करके' शब्द का प्रयोग है, उसके अनुसार बादी को उसी प्रकार से करना चाहिये। पर क्या ऐसा करना युक्तिसङ्गत होगा ? संस्कारकर्म में अपेक्षित जो एकाग्रता और भक्तिभाव 'ईश्वरस्तुति० स्वस्ति० शान्तिकरण' के द्वारा प्राप्त किया जायेगा, उसकी मध्यकाल में क्रियमाण मृत्खनन-यज्ञशाला-कुण्डादि के निर्माण आदि की लम्बी प्रक्रियाओं के बाद क्या स्थिति रहेगी ?

वास्तविक बात यही है कि यहाँ पौर्वापर्य का क्रम अभीष्ट नहीं है। महर्षि द्वारा अन्यत्र कर्मारम्भ में (यथा सन्ध्या तथा दैनिक अग्निहोत्र के आरम्भ में) आचमन करने का विधान किए जाने से, यहाँ संस्कारकर्म में विधीयमान आचमनादि के पाठ को भी विशेष प्रतिपत्ति के द्वारा ईश्वरस्तुति० आदि से पूर्व ही समझना चाहिये। इस प्रकार से सङ्गति लगाने से ही अनेक समस्याओं का समाधान सम्भव है। 'जिस क्रम से संस्कारविधि में पाठ है या निर्देश हैं उसी क्रम से वह कर्म कर्त्तव्य है' ऐसा मानने पर तो कई स्थानों पर निष्कारण अव्यवस्था उत्पन्न हो जायेगी। यथा—

(i) 'तांबे के कुण्ड में समिधा पूर्वलिखित प्रमाणे चयन कर पूर्वोक्त सामान्यविध्युक्त पृष्ठ ३२-३३ में कहे प्रमाणे अग्न्याधान, समिदाधान करके, सुगन्धित घृतादि वेदी के पास रख के, हाथ पग धोके, एक पीठासन अर्थात् शुभासन पुरोहित के लिये कुण्ड के दक्षिण भाग में रखे, उस पर उत्तराभिमुख बैठे। और यजमान अर्थात् बालक का पिता हाथ पग धोके वेदी के पश्चिम भाग में आसन बिछा, उस पर उपवस्त्र ओढ के पूर्वाभिमुख बैठे। तथा सब सामग्री अपने और पुरोहित के पास रख के पुरोहित पद के स्वीकार के लिये बोले—'ओम् आ वसोः सदने सीद'।.... (सं.वि., जातकर्मसंस्कार)।

(ii) '........पृष्ठ ३५ में लिखे प्रमाणे 'ओम् अदितेऽनु०' इत्यादि मन्त्रों से कुण्ड के तीन बाजू और........ओं देव सवितः०' इस मन्त्र से कुण्ड के चारों ओर जल छिटकाके पूर्व पृष्ठ ३२-३३ में लिखित अग्न्याधान, समिदाधान कर अग्नि को प्रदीप्त करके ....' (सं. वि., चूडाकर्मसंस्कार)।

(iii) 'उसी द्वार से प्रवेश करके पृष्ठ ३२-३३ में लिखे प्रमाणे अग्न्याधान, समिदाधान जलप्रोक्षण, आचमन करके पृष्ठ ३५-३७ में लिखे प्रमाणे घृत की आघारावाज्यभागाहुति........'। (सं. वि., गृहप्रवेशविधि)।

(iv) '(ओं भूर्भुवः स्वर्द्यौ०) इस मन्त्र से अग्न्याधान ...... लिखे प्रमाणे आघारावाज्यभागाहुति चार और व्याहृति आज्याहुति चार करके पृष्ठ ११-१९ में लिखे प्रमाणे स्वस्तिवाचन और शान्तिकरण करके ...'। (सं० वि०, वानप्रस्थ-संस्कार)।

(v) 'लिखे प्रमाणे अग्न्याधान, समिदाधान, घृतप्रतपन और स्थालीपाक करके ... पृष्ठ ११-१९ में लिखे प्रमाणे स्वस्तिवाचन-शान्तिकरण का पाठकर....वेदी के चारों ओर जलप्रोक्षण....'। (सं० वि०, संन्याससंस्कार)।

संस्कारविधि के इन उपरिलिखित उद्धरणों में जो पाठ दिया है, यदि उसी क्रम से कर्म करना अभीष्ट माना जाय, तब तो कभी अग्न्याधान समिदाधान के बाद हाथ पग धोने का काम होगा और फिर पुरोहित को नियत पीठासन पर बिठाने के बाद यजमान स्वयं हाथ पग धोकर स्व-आसन पर बैठने के बाद पुरोहित से बैठने हेतु 'ओम् आ वसो०' वचन बोलेगा। कहीं यज्ञकुण्ड के चारों ओर समन्त्रक जलप्रोक्षण के बाद अग्न्याधान-समिदाधान करना होगा। कहीं अग्न्याधान, समिदाधान और जलप्रोक्षण के बाद आचमन की बारी आयेगी। कहीं अग्न्याधान से लेकर व्याहृत्याहुतिपर्यन्त कर्म करने के बाद 'स्वस्ति० शान्तिकरण' किया जायेगा और इन उपर्युक्त संस्कारों में (कर्मों में) 'अयन्त इध्म०' वाली पञ्च घृताहुति का बहिष्कार ही करना पड़ेगा।

इन सब अव्यवस्थाओं से बचने का यही उपाय है कि हम आचार्य के इङ्गित चेष्टित से विशेष प्रतिपत्ति का ग्रहण करके यथायोग्य क्रम को समझें।

अब रही, वेदपाठ के आरम्भ में आचमन के विधान के विषय में पूर्वाचार्यों के निर्देश की बात। सो इस विषय में प्राचीन आचार्य का निर्देश भी स्पष्ट है—

आचार्य आश्वलायन कहते हैं—

"अथ स्वाध्यायविधिः॥ प्राग्वोदग्वा ग्रामान्निष्क्रम्याप आप्लुत्य शुचौ देशे यज्ञोपवीत्याचम्याऽक्लिन्नवासा दर्भाणां महदुपस्तीर्य प्राक्कूलान्तेषु प्राङ्मुख उपविश्य.... युक्तोऽधीयीत स्वाध्यायम्॥ ओ३म्पूर्वा व्याहृतीः॥ सावित्रीमन्वाह पच्छोऽर्धर्चशः सर्वामिति तृतीयम्॥"
(आश्व. गृ. ३.२.१–४)।

यहाँ स्पष्ट ही स्वाध्याय अर्थात् वेदपाठ से पूर्व आचमन करने का विधान है। यह नहीं समझना चाहिये कि यहां जो आचमन का विधान है, वह तो सव्याहृतिक सावित्री-मन्त्र-जप रूप स्वाध्याय से पूर्व ही विहित है, वेदपाठ से पूर्व नहीं। वास्तव में ही यहाँ स्वाध्याय से अभिप्राय वेदपाठ का ही है। और उस वेदपाठ का ही आद्य अङ्ग सावित्री-अनुवचन है। सावित्री-वाचन के तुरत बाद वेदपाठ ही करना है। जैसा कि आचार्य वहीं स्पष्ट करते हैं—

"अथ स्वाध्यायमधीयीत ऋचो यजूंषि सामान्यथर्वाङ्गिरसो ब्राह्मणानि कल्पान् गाथा नाराशंसीरितिहासपुराणानीति"॥ (आश्व. गृ. ३.३.१)

इसकी व्याख्या करते हुए गार्ग्य नारायण लिखते हैं—'अथ शब्दः पूर्वेण सम्बन्धार्थः। तेन प्रणवादित्रयं स्वाध्यायस्याङ्गमिति सिद्धम्। स्वाध्यायवचनम् ऋगादिरेव स्वाध्यायो न प्रणवादित्रयमित्येयमर्थम्। तेन ऋचमपि ब्रह्मयज्ञं कुर्यादित्यस्मिन् पक्षे सावित्री-पर्यन्तमुक्त्वा ऋचमधीयीत'।

इससे अच्छी प्रकार ज्ञात हो गया कि इस प्रकरण में स्वाध्याय का अर्थ ऋग्वेदादि का पाठ है और आचार्य आश्वलायन वेदपाठ से पूर्व आचमन करना आवश्यक मानते हैं।

इस विवेचन से यह सुतरां सिद्ध हो गया है कि महर्षि के अभिप्राय से और पूर्वाचार्यों के निर्देश से भी 'ईश्वरस्तुति० स्वस्ति० शान्तिकरण' से पूर्व आचमन अवश्य करना चाहिये ॥

पुष्पमाला और चन्दनानुलेपन

हमने नामकरण-संस्कार के प्रसङ्ग में चन्दनानुलेपन और समन्त्रक पुष्पमाला-धारण का शास्त्रोक्त विधान लिखा है। यद्यपि 'संस्कारविधि' के सामान्यप्रकरण में इन दोनों का उल्लेख नहीं है, तथापि 'इङ्गितेन चेष्टितेन निमिषितेनाचार्याणामभिप्रायो गम्यते' (व्याकरण-महाभाष्य) सिद्धान्त के अनुसार महर्षि का अन्यत्र चेष्टित-निर्देश ध्यातव्य है। समावर्त्तनसंस्कार में स्नातक ब्रह्मचारी के लिये चन्दनानुलेपन करने का और पुष्पमाला धारण करने का विधान किया गया है। यथा—

"इस मन्त्र को बोलकर ब्रह्मचारी उदुम्बर की लकड़ी से दन्तधावन करे तत्पश्चात् सुगन्धिद्रव्य शरीर पर मल के......स्नानकर......पीताम्बर धारण करके सुगन्धयुक्त चन्दनादि का अनुलेपन करे।"

तत्पश्चात् जल से चक्षुरादि का स्पर्श, मन्त्रजप और उत्तमवस्त्र धारण रूपी समन्त्रक तीन क्रियाओं के निर्देश करने के बाद महर्षि लिखते हैं —

"ओं या आहरज्जमदग्निः श्रद्धायै कामायेन्द्रियाय ।
ता अहं प्रतिगृह्णामि यशसा च भगेन च ।।

इस मन्त्र से सुगन्धित पुष्पों की माला लेके—

ओं यद्यशोऽप्सरसामिन्द्रश्चकार विपुलं पृथु ।
तेन सङ्ग्रथिताः सुमनस आबध्नामि यशो मयि ।।

इस मन्त्र से धारण करनी।"

इस लेख से महर्षि का यही अभिप्राय प्रतीत होता है कि ब्रह्मचर्यावस्था की समाप्ति के बाद से स्नातक गृहस्थ आदि माङ्गलिक कार्यों में चन्दनानुलेपन और पुष्पमाला धारण किया करें। इस बात की पुष्टि इसी समावर्त्तनसंस्कार के उपसंहार के लेख से भी होती है —

"पुनः उस संस्कार में आये हुए आचार्य आदि को उत्तम अन्नपानादि से सत्कार-पूर्वक भोजन कराके, और वह ब्रह्मचारी और उसके मातापितादि आचार्य को उत्तमासन पर बिठा, पूर्वोक्त प्रकार मधुपर्क कर 'सुन्दर पुष्पमाला, वस्त्र, गोदान, धन आदि की दक्षिणा यथाशक्ति देके......"।

इससे स्पष्ट होता है कि महर्षि सत्कार-व्यवहारों में आचार्यादि को पुष्पमाला धारण कराने को उचित मानते हैं। पुरोहित भी आचार्य-स्थानीय है और उसका वरण-

कर्म एक सत्कार-व्यवहार है। अतः संस्कारों में पुरोहित तथा यजमानादि द्वारा पुष्पमाला धारण करना शास्त्रसङ्गत है।

मन्त्रों में स्वरबोधक चिह्न

वेदमन्त्रों में उदात्तादि स्वरों का अतिविशिष्ट महत्त्व है। अर्थज्ञान के लिये स्वरज्ञान नितान्त आवश्यक है। एतदर्थ ही वेदमन्त्रों पर स्वरबोधक चिह्न लगाये जाते हैं। ऋक्, यजुः और अथर्व में अधोरेखा से अनुदात्त और ऊर्ध्वरेखा से स्वरित की पहिचान होती है। चिह्नरहित अच् सांहितिक स्वरित के बाद का हो तो वह एकश्रुति होता है। सामवेद में स्वरज्ञान के लिये अङ्कों का प्रयोग होता है। सामान्यतया १ उदात्त का, २ स्वरित का और ३ अनुदात्त का सूचक होता है। कहीं कहीं २ अङ्क उदात्त को भी सूचित करता है यजुर्वेद की कपिष्ठल और मैत्रायणी आदि शाखाओं में इनसे भिन्न प्रकार अपनाया गया है। शतपथ ब्राह्मण में स्वरबोध के लिये केवल एक ही चिह्न प्रयुक्त होता है। वहाँ अधोरेखा सर्वत्र उदात्त के लिये ही प्रयुक्त होती है।

स्वरचिह्नयुक्त मुद्रण वाले मुद्रणालय भारत में भी गिने चुने ही हैं। अतः सस्वर मुद्रण करवाना अब लगभग असम्भव सा होता जाता है। पर स्वरबोध की सूचना से रहित मन्त्र छपवाना भी अनभीष्ट है। इस समस्या के निवारणार्थ हमने इस पुस्तक में, मंत्रों के मुद्रण में एक अन्य ही प्रकार अपनाया है। समस्त उदात्त अक्षरों को काले टाइप में मुद्रित करवाया है और सांहितिक स्वरितों को छोड़कर अन्य जात्यादि स्वरितों को इटेलिक् टाइप में दिया है। शेष अनुदात्त आदि को सफेद टाइप में। यथा—

'अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्। होतारं रत्नधातमम्॥ (पृ. ८)

इस मन्त्र के ग्नि, रो, ज्ञ, व, त्वि, हो और धा अक्षर काले टाइप में छपे हैं, अतः इन्हें (= इनमें स्थित अचों को) उदात्त समझना चाहिये।

इस प्रयत्न से स्वरविषयक समस्या का थोड़ा सा समाधान अवश्य होगा। अर्थज्ञान और स्वर-योजना में रुचि रखने वाले सज्जनों को इस टाइपभेद से क्रियापद, सम्बोधनपद तथा समस्तपदों की भिन्नता स्पष्ट ही प्रतीत होगी। सस्वरमुद्रक मुद्रणालयों की दुर्लभता के कारण हमारे पास अन्य कोई उपाय न था। इस टाइपभेद के निर्वाह में क्वचित् स्खलन भी हो गया है॥

स्विष्टकृद् आहुति का हव्य

'यदस्य कर्मणो०' मन्त्र से दी जाने वाली स्विष्टकृद् आहुति के हव्य के रूप में हमने भात के अतिरिक्त खीर, मीठी खिचड़ी, लड्डू, मोहनभोग आदि को भी सम्मिलित किया है। इनमें से कोई भी पदार्थ लिया जा सकता है। कुछ लोगों का मत है कि, यह आहुति केवल भात की ही (अथवा घृत की) दी जानी चाहिए। यद्यपि संस्कारविधि के सामान्यप्रकरण में इस आहुति के प्रसङ्ग में "यह घृत अथवा भात की देनी चाहिये" इतना मात्र लेख है।

पर यहां हमारे विचार में भात शब्द यज्ञिय स्थालीपाक (=पाक द्रव्य) मात्र का उपलक्षक है। स्थालीपाक-निर्माणविधि में क्योंकि भात का सर्वप्रथम उल्लेख है अतः स्विष्टकृदाहुति के समय उसी का उल्लेख कर दिया गया। स्थालीपाक-निर्माण-प्रकरण में महर्षि का लेख है— "स्थालीपाक-नीचे लिखे विधि से भात खिचड़ी खीर लड्डू मोहनभोग आदि सब उत्तम पदार्थ बनावें"। जैसे भात बनाने का महर्षि ने विधान किया वैसे ही खीर, लड्डू, मोहनभोग, मीठी खिचड़ी और आदि अर्थात् हलुआ, बादाम कतली आदि उत्तम पदार्थ भी बनाने का विधान किया है। यह नहीं कहा जा सकता कि भात तो हवन के लिए है और अन्य खीर आदि यज्ञानन्तर भोजन के लिये हैं। क्योंकि वहीं पाकविधि के प्रकरण में लेख है—"पाकस्थाली में डाल अग्नि से पका लेवें। जब होम के लिये दूसरे पात्र में लेना हो तभी नीचे लिखी आज्यस्थाली वा शाकल्यस्थाली में निकाल के यथावत् सुरक्षित रखें और उस पर घृतसेचन करें"। इससे स्पष्ट है कि भात, खिचड़ी, खीर, लड्डू आदि सभी पदार्थ प्रथमतया मुख्यतः होम के लिये बनाने का निर्देश है।

भात के अतिरिक्त 'स्थालीपाक' के द्रव्यमात्र से स्विष्टकृदाहुति दी जा सकती है इसका सङ्केत भी संस्कारविधि में मिलता है। यथा—"इन चार मन्त्रों से चार और पृष्ठ ३७ में लिखे प्रमाणे (यदस्य०) मन्त्र से स्विष्टकृद् होमाहुति एक, ऐसे पांच स्थालीपाक की आहुति देके" (सं० वि०, नवशस्येष्टिप्रकरण)।

यह भी मानना अयुक्त है कि उपर्युक्त वाक्य में 'स्थालीपाक' शब्द से महर्षि का अभिप्राय केवल भात से ही है। भात के अतिरिक्त भी जो विहित पाकद्रव्य हैं, वे सब 'स्थालीपाक' शब्द के अन्तर्गत आते हैं ऐसा महर्षि को अभिप्रेत है। देखिए समावर्त्तन-संस्कार का लेख—"जो शुभदिन समावर्त्तन का नियत करे उस दिन आचार्य के घर······ यज्ञकुण्ड आदि बनाके सब शाकल्य और सामग्री ······ और स्थालीपाक बनाके ······"। इस वाक्य के स्थालीपाक शब्द पर चिह्न देके महर्षि टिप्पणी में लिखते हैं—"जो कि पूर्व पृष्ठ २२ में लिखे प्रमाणे भात आदि बनाकर रखना। द०स०"। इस टिप्पणी का आदि शब्द निश्चय ही खीर, लड्डू आदि का ग्राहक है।

ऐसा भी नहीं है कि 'यदस्य कर्मणो०' मन्त्र से केवल मात्र भात या घी की ही आहुति देने का सर्वत्र विधान है अतः 'नवशस्येष्टि' के स्थालीपाक शब्द से केवल भात ही लेना चाहिये। सीमन्तोन्नयन संस्कार के "और पृष्ठ ३७ में लिखे प्रमाणे (ओं यदस्य कर्मणो०) मन्त्र से एक खिचड़ी की आहुति देवें" इस लेख के अनुसार, खिचड़ी की भी स्विष्टकृदाहुति होती है यह स्पष्ट है। यदि कहें कि 'उस संस्कार में तो खिचड़ी बनाना अनिवार्य है, क्योंकि वहाँ कुछ मन्त्रों की आहुतियाँ खिचड़ी से दातव्य हैं और खिचड़ी में (=तत्स्थ घृत में) गर्भवती द्वारा स्वमुखदर्शन किया जाना है और फिर उसी का भोजन किया जाना है। अतः अनिवार्यतः उपस्थित खिचड़ी से ही स्विष्टकृदाहुति का विधान कर दिया गया।' तो इससे यह फलित हुआ कि, खिचड़ी की उपस्थिति में जैसे खिचड़ी से

स्विष्टकृदाहुति लगाई जा सकती है, वैसे ही शुद्ध मोहनभोग, खीर, हलुग्रा ग्रादि के उपस्थित रहने पर उनसे भी यह ग्राहुति दी जा सकती है। नवशस्येष्टि का निर्देश इसका स्रोत है ग्रौर समावर्त्तन की टिप्पणी इसकी व्याख्या।

संस्कारविधि के सामान्य प्रकरण का एक ग्रौर वाक्य भी भात के विकल्प का सूचक है। पूर्णाहुति के बाद यजमान क्या करे ? इस विषय में ग्राचार्य लिखते हैं— "........दक्षिणा देके, सबको बिदा कर स्त्रीपुरुष हुतशेष घृत, भात वा मोहनभोग को प्रथम जीम के पश्चात् रुचिपूर्वक उत्तमान्न का सेवन करें।" इस वाक्य में भात ग्रौर मोहनभोग इन दो शब्दों के बीच ग्राया हुग्रा वा शब्द भी होम की स्थालीपाक वाली ग्राहुतियों में भात के स्थान पर मोहनभोग ग्रादि के विकल्प का सूचक है। जब होम में कभी भात की ग्राहुति न दी जाकर उसके विकल्प में मोहनभोग ग्रादि की ग्राहुति दी जायेगी तभी तो विकल्प से हुतशेष मोहनभोग का भोजन सम्भव होगा।'

पूर्णाहुति

नामकरण-संस्कार के होमकार्य के ग्रन्त्य भाग में (पृ. २०) हमने पूर्णाहुति करने की बात भी लिखी है। हमारी दृष्टि में यह पूर्णाहुति प्रत्येक संस्कार के (होमकर्म) के ग्रन्त में होनी चाहिये। यह पूर्णाहुति-कर्म संस्कारान्तर्गत होम कार्य की पूर्णता का द्योतक है— ग्राहुतिकर्म की समाप्ति का सूचक है। कुछ लोगों का मत है कि संस्कारों में (संन्यास को छोड़कर) पूर्णाहुति नहीं करनी चाहिये। यथा—

"शङ्का—किन किन संस्कारों में पूर्णाहुति का विधिनिषेध है ग्रौर क्यों ?

समाधान—पूर्णाहुति ग्रनुष्ठान की समाप्ति पर होनी चाहिये। संस्कार क्योंकि शरीर से सम्बन्ध रखते हैं। शरीर के संस्कारों में ग्रारम्भ का संस्कार गर्भाधान है। परन्तु केवल इस संस्कार मात्र से शरीर के संस्कारों का क्रम समाप्त नहीं होता। इस शृङ्खला का ग्रन्तिम संस्कार संन्यास है। इस प्रकार शरीरसंस्कार का यह क्रम गर्भाधान से ग्रारम्भ होकर क्योंकि संन्यास पर समाप्त होता है, ग्रतः संन्यास संस्कार के ग्रन्त में पूर्णाहुति का विधान है। क्योंकि बीच के किसी भी संस्कार पर यह शृङ्खला समाप्त नहीं होती, ग्रतः ग्रन्य किसी भी संस्कार के ग्रन्त में पूर्णाहुति का विधान नहीं है। संन्यास के ग्रन्त में 'ग्रो३म् भूः स्वाहा' इस पूर्णाहुति के मन्त्र से पूर्णाहुति करने का विधान महर्षि ने किया है।" ❋

इस लम्बे उद्धरण से लेखक के मुख्य रूप से तीन निष्कर्ष निकलते हैं—

क— संस्कारों का क्रम जीवन भर (संन्यासपर्यन्त) चलता है, उनकी शृङ्खला बीच में नहीं टूटती, ग्रतः बीच के किसी भी संस्कार में पूर्णाहुति नहीं करनी चाहिये।

ख— पूर्णाहुति केवल संन्यास संस्कार के ग्रन्त में करनी चाहिये ग्रौर वहाँ पूर्णाहुति का मन्त्र है—'ग्रो३म् भूः स्वाहा'।

ग— किसी भी अन्य संस्कार में पूर्णाहुति का विधान नहीं किया गया है ॥

आइये इन तीन निष्कर्षों पर थोड़ा विचार करें—

क— विद्वान् महानुभाव ने संस्कारों में निरन्तरता की बात दर्शाई है। पर जातकर्म-नामकरण और उपनयन-वेदारम्भ को छोड़कर अन्य प्रायः सभी संस्कारों के मध्य में पर्याप्त लम्बा अन्तराल रहता है। कई संस्कारों के मध्य तो वर्षों का अन्तराल होता है। चूडाकर्म और कर्णवेध में २ वर्ष का, कर्णवेध और उपनयन में ३ वर्ष का, वेदारम्भ और समावर्त्तन में ३१ वर्ष, १६ वर्ष अथवा १२ वर्ष का, विवाह और वानप्रस्थ में २५ वर्ष का और वानप्रस्थ और संन्यास में प्रायः २५ वर्ष का अन्तराल माना गया है।

जब संस्कारों के मध्य में कई कई मास और अनेक वर्षों का भी अन्तराल रहता है तो नैरन्तर्य (=शृङ्खलात्व) कहाँ रहा? यदि कहें कि, 'चाहे कितने ही मास अथवा वर्ष बीच में पड़ जायें, क्योंकि अभी संस्कार-क्रम यावत्संन्यास चलता रहेगा, अतः उसे नैरन्तर्य ही माना जाना चाहिये और नैरन्तर्य के कारण बीच में पूर्णाहुति नहीं होनी चाहिये'। इस पर हमारा निवेदन है कि तब तो यह सिद्धान्त सर्वत्र लागू होना चाहिये। ब्रह्मचर्याश्रम में ब्रह्मचारी के लिये प्रतिदिन अग्निहोत्र करने का निर्देश है—"मेखलादण्डधारणभैक्ष्यचर्य-समिदाधान ....एते ते नित्यधर्माः' (मेखला और दण्डधारण, भिक्षाचरण अग्निहोत्र.... ये तेरे नित्य करने के कर्म हैं ...)" [सं० वि०, वेदारम्भ-संस्कार]। गृहस्थाश्रम में गृहस्थ के लिये भी नित्य दैनिक अग्निहोत्र करने की अनिवार्यता विहित है— "जैसे सायं प्रातः दोनों सन्धिवेलाओं में सन्ध्योपासन करें इसी प्रकार दोनों स्त्रीपुरुष अग्निहोत्र भी दोनों समय में नित्य किया करें" (सं० वि०, गृहाश्रमप्रकरण)। वानप्रस्थ भी नित्य अग्निहोत्र करे ऐसा शास्त्रीय निर्देश है-'अग्निहोत्रं समादाय गृह्यं चाग्निपरिच्छदम्। एतानेव महायज्ञान्निर्वपेद् विधिपूर्वकम् ॥ स्वाध्याये नित्ययुक्तः स्याद्दान्तो मैत्रः समाहितः। दाता नित्यमनादाता सर्वभूतानुकम्पकः। वैतानिकं च जुहुयादग्निहोत्रं यथाविधि ॥"

(मनु० अ० ६, श्लो. ४, ८, ९)

इस प्रकार ब्रह्मचर्याश्रम के आरम्भ (८ वर्ष की अवस्था) से लेकर वानप्रस्थाश्रम-समाप्ति (७५ वर्ष की अवस्था) तक नित्य दैनिक अग्निहोत्र करने की अनिवार्यता शास्त्र में बांधी गई है। यावत्संन्यासदीक्षा के आश्रम-परिवर्त्तन होगा, पर होम का कार्य सर्वत्र चालू रहेगा-'आश्रमादाश्रमं गत्वा हुतहोमो जितेन्द्रियः' (मनु. ६.३४)।

अब देखिये ब्रह्मचर्य, गृहस्थ और वानप्रस्थ इन तीनों आश्रमों में निरन्तर प्रतिदिन दोनों कालों में विधीयमान इस दैनिक अग्निहोत्र के अन्त में भी प्रतिदिन पूर्णाहुति का विधान किया गया है। यथा—

(i) "........इन [भूरग्नये प्राणाय स्वाहा आदि] आठ मन्त्रों से एक-एक मन्त्र करके एक-एक आहुति, ऐसे आठ आहुति देके—'ओं सर्वं वै पूर्णं स्वाहा' इस मन्त्र से तीन

पूर्णाहुति अर्थात् एक-एक बार पढ़के एक-एक करके तीन आहुति देवे। इत्यग्निहोत्र-विधिः संक्षेपतः समाप्तः ॥" (सं० वि०, गृहाश्रमविधि)।

(ii) "अथोभयोः कालयोरग्निहोत्रे होमकरणार्थास्समाना मन्त्राः—'ओं भूरग्नये प्राणाय स्वाहा ॥१॥'........**ओं सर्वं वै पूर्णं**ँ स्वाहा ॥६॥ भाष्यम्–........। एवं प्रातःसायं सन्ध्योपासनकरणानन्तरमेतैर्मन्त्रैर्होमं कृत्वा........।" (पञ्चमहायज्ञविधि, देवयज्ञ०)।

जब तीनों आश्रमों में (लगभग ६७ वर्ष तक) बिना एक दिन के भी व्यवधान के निरन्तर किये जाने वाले दैनिक अग्निहोत्र के अन्त में भी प्रतिदिन पूर्णाहुति का विधान है, तो फिर प्रत्येक संस्कार के अन्त में पूर्णाहुति करना कैसे अवैधानिक है? यदि संस्कारों की शृङ्खला बीच में समाप्त नहीं होती तो दैनिक अग्निहोत्र की शृङ्खला बीच में कहाँ समाप्त होती है? संस्कारों के मध्य में तो कई कई मासों ही नहीं अनेकानेक वर्षों का भी पर्याप्त अन्तराल होता है, जबकि दैनिक अग्निहोत्र के मध्य में तो चंद घण्टों का ही अन्तराल है। यह बड़ी विचित्र बात होगी कि, कहीं १६ और २५ वर्षों के अन्तराल रहने पर भी निरन्तरता=अविशृङ्खला मानी जाय और कहीं मात्र कुछ घण्टों के अन्तराल के कारण ही निरन्तरता को नकार दिया जाय! यदि संस्कारों में वर्षों के अन्तराल के होने पर भी नैरन्तर्य मानने के कारण वहाँ पूर्णाहुति का विधान नहीं है, तो कुछ घण्टों मात्र के अन्तराल से तो सुतरां नैरन्तर्य होने के कारण दैनिक अग्निहोत्र में पूर्णाहुति का विधान नहीं होना चाहिये था, पर इसके विपरीत नैत्यक होमकर्म में पूर्णाहुति का विधान है और सर्वत्र है—संस्कारग्रन्थ में भी और पञ्चमहायज्ञग्रन्थ में भी। इससे विधिकर्त्ता आचार्य का यही अभिप्राय प्रतीत होता है कि यथा दैनिक अग्निहोत्र-कर्म की पूर्णता (=समाप्ति) के सूचनार्थ प्रतिदिन पूर्णाहुति की जाती है तथैव संस्कारकर्म-गत आहुतिकर्म के समापन के सूचनार्थ संस्कारों में भी पूर्णाहुति की जाय।

मन्त्रार्थ-लभ्य भाव की दृष्टि से भी ऐसा करना उचित है। '**ओं सर्वं वै पूर्णं**ँ-स्वाहा' मन्त्र के द्वारा जैसे नित्यकर्म के अग्निहोत्र-कार्य और उसके फल की परिपूर्णता=अन्यूनता के लिये प्रतिदिन भगवान् से प्रार्थना करना श्रेयस्कर है, वैसे ही संस्कारकर्मगत होमकार्य और उसके फल की सम्पूर्णता की सिद्धि के लिये संस्कारों में भी इस मन्त्र से प्रार्थना करना श्रेयस्कर ही है।

ख—यदि पूर्णाहुति किसी भी अन्य संस्कार में अभिप्रेत नहीं है, केवल संन्याससंस्कार में ही इष्ट है और वहाँ भी पूर्णाहुति करने का मन्त्र '**ओ३म् भूः स्वाहा**' है, तो फिर संस्कारविधि के सामान्यप्रकरण में पूर्णाहुति के लिये '**ओं सर्वं वै पूर्णं**ँस्वाहा' मन्त्र का दिया जाना व्यर्थ हो जाता है। यदि कहें कि 'आचार्य को दैनिक अग्निहोत्र में पूर्णाहुति इष्ट है, अतः वहाँ के लिये सामान्यप्रकरण में यह मन्त्र उल्लिखित किया होगा, तो यह बात भी ठीक नहीं है क्योंकि दैनिक अग्निहोत्रादि के लिये तो पूर्णाहुति-हेतु 'गृहाश्रमविधि' में '**ओं सर्वं वै पूर्णं**ँ **स्वाहा**' मन्त्र पृथक् से

दिया हुआ है ही। संन्यासातिरिक्त संस्कार में पूर्णाहुति इष्ट नहीं और संन्यास में तदर्थ अन्य ही मन्त्र विहित है तो इस प्रकार स्वतः ही 'ओं सर्वं वै पूर्णं॰स्वाहा' यह सामान्यप्रकरणस्थ पूर्णाहुति-मन्त्र व्यर्थ हो गया। सार्थकता प्रतीत न होने पर भी दिया हुआ वचन ज्ञापक हुआ करता है= 'व्यर्थं सज्ज्ञापयति' (व्या॰ महाभाष्य) । यह व्यर्थ प्रतीयमान मन्त्र ज्ञापित यह करता है कि गर्भाधान से लेकर वानप्रस्थ तक के संस्कारों में जो पूर्णाहुति होगी वह 'ओं सर्वं वै पूर्णं॰स्वाहा' इस मन्त्र से दी जायेगी, क्योंकि संन्यास-संस्कार की पूर्णाहुतिहेतु तो 'ओ३म् भूः स्वाहा' यह मन्त्र वहाँ अलग से विहित है ही।

ग—किं च, यदि यह तर्क दिया जाय कि संस्कारविधि में संन्यास को छोड़कर अन्य किसी भी संस्कार के विधिप्रकरण में पूर्णाहुति का उल्लेख नहीं है तो यह एक व्यर्थ का तर्क होगा, क्योंकि कई सामान्य विधानों के लिये संस्कारविधि का सामान्य-प्रकरण ही 'परिभाषा' का काम करता है। जैसे 'परिभाषा' एकदेश में स्थित—उल्लिखित होते हुए भी सर्वत्र लागू होती है, वैसे ही 'सामान्यप्रकरण' के निर्दिष्ट सामान्य विधान भी सर्वत्र लागू होंगे। यदि यह हठ किया जाय कि हम तो तत्तत्संस्कार में जो विधि-विधान निर्दिष्ट है, वही कर्त्तव्य मानते हैं, तब तो अनेक स्थानों पर विचित्र स्थिति उत्पन्न होगी। देखिये—

(i) गर्भाधान, जातकर्म, गृहप्रवेश और वानप्रस्थ में 'ईश्वरस्तुति॰ स्वस्तिवाचन-शान्तिकरण' का उल्लेख नहीं है।

(ii) पुंसवन, जातकर्म, वेदारम्भ, समावर्त्तन, वानप्रस्थ और संन्यास में 'आचमन' का निर्देश नहीं हैं।

(iii) जातकर्म, समावर्त्तन, विवाह, गृहप्रवेश, वानप्रस्थ और संन्यास संस्कार में 'अयन्त इध्म आत्मा॰' वाली पञ्चघृताहुतियों का विवरण नहीं है।

(iv) पुंसवन में अग्न्याधान का विधान नहीं है।

(v) जातकर्म और संन्याससंस्कार में जलसेचन कर्म का उल्लेख नहीं है।

(vi) जातकर्म, वानप्रस्थ और संन्याससंकार में स्विष्टकृदाहुति का लेख नहीं है।

क्या इन संस्कारों में अनुल्लिखित होने से ये विधियाँ न की जायें ? और न करने में क्या हेतु है ? क्या पुंसवनसंस्कार में अग्न्याधान का उल्लेख न होने के कारण, बिना अग्निवाले यज्ञकुण्ड में ही घृत और शाकल्य की आहुतियाँ लगाई जायेंगी ?

यह सब देखकर मानना ही होगा कि भले ही कई सामान्य विधि-विधान, प्रत्येक संस्कार में उल्लिखित नहीं हैं, फिर भी 'सामान्यप्रकरण' के उल्लेख के अनुसार उन विधियों को प्रत्येक संस्कार में करना ही चाहिये।

अब प्रश्न होता है कि, पूर्णाहुति-कर्म को प्रत्येक संस्कार में करने का सामान्य-प्रकरण में कहाँ विधान है ? सो इसके समाधानार्थ देखिये—

"सब संस्कारों में मधुर स्वर से मन्त्रोच्चारण यजमान ही करे । न शीघ्र न विलम्ब से उच्चारण करे, किन्तु मध्यभाग जैसा कि जिस वेद का उच्चारण है, करे । यदि यजमान न पढ़ा हो तो इतने मन्त्र तो अवश्य पढ़ लेवे । यदि कोई कार्यकर्त्ता जड़ मन्दमति काला अक्षर भैंस बराबर जानता हो, तो पुरोहित और ऋत्विज् मन्त्रोच्चारण करें और कर्म उसी मूढ यजमान के हाथ से करावें । पुनः निम्नलिखित मन्त्र से पूर्णाहुति करें । स्रुवा को घृत से भर के— **'ओं सर्वं वै पूर्णं ॐ स्वाहा'** ॥ इस मन्त्र से एक आहुति देवें । ऐसे दूसरी और तीसरी आहुति देके, जिसको दक्षिणा देनी हो देवें वा जिसको जिमाना हो जिमा, दक्षिणा देके, सबको बिदा कर, स्त्रीपुरुष हुतशेष घृत, भात वा मोहनभोग को प्रथम जीम के पश्चात् रुचिपूर्वक उत्तमान्न का भोजन करें" ।

(सं० वि०, समान्यप्रकरण) ।

आचार्य की इस अविकल वाक्यावली में पांच क्रियाओं का उल्लेख है–मधुर स्वर से मन्त्रोच्चारण करना, पूर्णाहुति करना, दक्षिणा देना, जिमाना और जीमना । ये पांच कर्म कहाँ करने हैं, सो इसके लिये इस सन्दर्भ (परिच्छेद) के आरम्भ में निर्देश है— **'सब संस्कारों में'**.... । अर्थात् जैसे मन्त्रोच्चारण, दक्षिणादान, जिमाना और हुतशेष-भोजन ये कर्म सब संस्कारों में करने हैं, वैसे ही पूर्णाहुति कर्म भी सब संस्कारों में कर्त्तव्य है । यह कैसे हो सकता है कि **'सब संस्कारों में'** के अधिकार में कर्त्तव्यरूप से निर्दिष्ट पाँच कर्मों में से चार का तो ग्रहण कर लिया जाय और इनके बीच में पठित एक पूर्णाहुति-कर्म का परित्याग कर दिया जाय !

सब संस्कारों में पूर्णाहुति करने की बात की पुष्टि, पूर्वोद्धृत सन्दर्भ के तुरत बाद के वचन से भी होती है--"**मङ्गलकार्य** । अर्थात् गर्भाधानादि संन्याससंस्कार-पर्यन्त **पूर्वोक्त** और निम्नलिखित सामवेदोक्त वामदेव्यगान अवश्य करें" इस वचन में वामदेव्यगान के समान पूर्वोक्त (=पूर्वोक्त कार्य) को भी सभी संस्कारों में अवश्य करणीय बताया गया है । तो पूर्वोक्त कार्य में पूर्णाहुति भी निर्दिष्ट है ।

यदि संस्कारों में पूर्णाहुति के विरोधी, यह तर्क करें कि भले ही 'संस्कारविधि' में, सब संस्कारों में पूर्णाहुति करने की बात कही हो, पर अन्य (पूर्वाचार्य आदि के) किसी ग्रन्थ में संस्कारों में पूर्णाहुति कर्म का निर्देश नहीं किया गया है, तो इस विषय में हमारा निवेदन है कि, कम से कम उन्हें तो ऐसा तर्क नहीं करना चाहिये । क्योंकि वे स्वयं ही लिखते हैं—"संस्कारों का विधिविधान ठीक २ जानने के लिये और संस्कार ठीक ढंग से कराने के लिये इस समय के एतद्विषयक समस्त साहित्य में महर्षि दयानन्द सरस्वतीजी महाराजकृत संस्कारविधि से बढ़कर और उत्तम ग्रन्थ नहीं है । अन्य सब ग्रन्थों में कुछ न कुछ गड़बड़ अवश्य मिलेगी ॥" ❀

❀ 'शङ्का-समाधान-लेखमाला' (स्वामी मुनीश्वरानन्द-सरस्वतीकृत, प्र. भा., पृ. १०६)

अर्थात् वे संस्कार-सम्बन्धी विधिविधान के लिये महर्षिकृत संस्कारविधि को सर्वोपरि उपादेय मानते हैं। अब देखें कि उन्हीं के सर्वतोऽभिमत उस ग्रन्थरत्न संस्कार-विधि में सभी संस्कारों के लिये पूर्णाहुति का स्पष्ट विधान उल्लिखित है, जैसा कि पूर्व पृष्ठों में विश्लेषण किया गया है।

'शङ्का-समाधान-लेखमाला' के संस्कारों में पूर्णाहुति-निषेध प्रकरण में (पृ. ९७-९८) दो बातें और विचित्र सी लिख दी गईं हैं। १. संस्कार शरीर से सम्बन्ध रखते हैं और २. 'अन्त्येष्टि कर्म' संस्कार नहीं है। संस्कारविधि के अध्ययन से ये दोनों बातें चिन्त्य प्रतीत होती हैं। संस्कारों का सम्बन्ध केवल शरीर से नहीं अपितु शरीर और आत्मा दोनों से है। देखिये—(i) "वेदादिशास्त्र-सिद्धान्तमाध्याय परमादरात्। आर्यैतिह्यं पुरस्कृत्य शरीरात्मविशुद्धये ॥" (संस्कारविधि, उपक्रम) ॥ (ii) "जिस करके शरीर और आत्मा सुसंस्कृत होने से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्राप्त हो सकते हैं और सन्तान अत्यन्त योग्य होते हैं। इसलिये संस्कारों का करना सब मनुष्यों को अति उचित है"। (सं०वि० भूमिका) ॥ अन्त्येष्टि के विषय में देखें—(i) 'पश्चात् गर्भाधानादि अन्त्येष्टिपर्यन्त सोलह संस्कार क्रमशः लिखे हैं" (सं०वि० भूमिका) । (ii) 'गर्भाद्या मृत्युपर्यन्ताः संस्काराः षोडशैव हि'। (सं० वि०. उपक्रम)

(iii) 'अन्त्येष्टि-कर्म उसे कहते हैं जो शरीर के अन्त का संस्कार है। जिसके आगे उस शरीर के लिये कोई भी अन्य संस्कार नहीं है'। (सं० वि०, अन्त्येष्टिविधि)

(iv) 'इति मृतकसंस्कारविधिः समाप्तः' ॥

इन वचनों से स्पष्ट है कि 'संस्कारविधि' के कर्ता अन्त्येष्टि-कर्म को भी एक संस्कार मानते हैं।

नामावली-भाग

हमारे इस नामसंग्रह में बालकों के लिये ६०५८ छः हजार अट्ठावन नामों का और बालिकाओं के लिये २१५१ दो हजार एक सौ इक्कावन नामों का संग्रह हुआ है।

बालिकानामों में वृद्धि

बालिकाओं के लिये नामों में और भी अभिवृद्धि की जा सकती है। विद्वान् जन अथवा पुरोहित-बन्धु अपने व्याकरणादि के ज्ञान के आधार पर, बालक-नामों में यथोचित ङीप् (=ई), टाप् (=आ), ऊ आदि प्रत्ययों का योग करके उन्हें बालिका-नामों में परिवर्तित कर सकते हैं। उदाहरणार्थ—जितने भी ईश्वरशब्दान्त बालकनाम हैं उनके अन्त में (=अन्त के अ के स्थान पर) ई लगाने से बालिका—नाम बन जायेंगे। यथा—देवेश्वर-देवेश्वरी; धनेश्वर-धनेश्वरी, ज्ञानेश्वर-ज्ञानेश्वरी। इसी प्रकार कान्त, भद्र, शील, इन अथवा आनन-शब्दान्त बालकनामों के अन्त में आ लगा दें। यथा—कमलकान्त-

कमलकान्ता, दयाकान्त-दयाकान्ता; चारुभद्र-चारुभद्रा, सर्वभद्र-सर्वभद्रा; विनयशील-
विनयशीला; भावेन-भावेना; हेमेन-हेमेना; जयानन-जयानना, निगमानन-निगमानना ।
दीर्घ ईकारान्त बालकनामों के अन्त्य ई के स्थान पर इनी लगादें तो बालिकानाम बन
जायेगा। यथा— क्षेमदर्शी-क्षेमदर्शिनी, योगी-योगिनी, लोकजयी-लोकजयिनी। ह्रस्व इकारान्त
(तिप्रत्ययान्त को छोड़कर) बालकनामों के अन्त में दीर्घ ई लगा दें। यथा—चारुपाणि-
चारुपाणी, पतञ्जलि-पतञ्जली, यशोमणि-यशोमणी, करुणानिधि-करुणानिधी। उकारान्त
(गु अन्त वालों को छोड़कर) बालकनामों के अन्त में ऊ लगा देने से वह स्त्रीलिङ्ग नाम
बन जायेगा। यथा— अमावसु-अमावसू, अवनीन्दु-अवनीन्दू, ब्रह्मबन्धु-ब्रह्मबन्धू ॥ इस रीति से
बालिकानामों की सङ्ख्या में सहस्राधिक नामों की वृद्धि की जा सकती है।

नामों में समाक्षरता और विषमाक्षरता

नामकरणसंस्कार में नाम रखने के प्रसङ्ग में वर्त्तमान में यह धारणा प्रचलित है कि बालकों के नाम समाक्षर (२, ४, ६ आदि के) और बालिकाओं के नाम विषमाक्षर (१, ३, ५ आदि के) होने चाहियें। इस धारणा का मूलकारण है कई गृह्यसूत्रों में इस प्रकार के निर्देश का उल्लेख। यथा—'युग्मानि त्वेव पुंसाम्। अयुजानि स्त्रीणाम् ॥ (आश्व० गृ० १.१५.८-९) ॥ 'पिता नाम करोति द्व्यक्षरं चतुरक्षरं वा ...' (पार० गृ० १.१७.१-२) ॥ पर इस धारणा का प्रचलन बाद के काल से आरम्भ हुआ है, ऐसा प्रतीत होता है। प्राचीन स्मृतिग्रन्थों में इस धारणा का कहीं उल्लेख नहीं है। मनुस्मृति (अध्याय २) में नामकरण के विषय में कुल ४ श्लोक हैं।

नामधेयं दशम्यां तु द्वादश्यां वाऽस्य कारयेत्।
पुण्ये तिथौ मुहूर्त्ते वा नक्षत्रे वा गुणाऽन्विते ॥ ३० ॥
मङ्गल्यं ब्राह्मणस्य स्यात् क्षत्रियस्य बलान्वितम्।
वैश्यस्य धनसंयुक्तं शूद्रस्य तु जुगुप्सितम् ॥ ३१ ॥
शर्मवद् ब्राह्मणस्य स्याद्राज्ञो रक्षासमन्वितम्।
वैश्यस्य पुष्टिसंयुक्तं शूद्रस्य प्रेष्यसंयुतम् ॥ ३२ ॥
स्त्रीणां सुखोद्यमक्रूरं विस्पष्टार्थं मनोहरम्।
माङ्गल्यं दीर्घवर्णान्तमाशीर्वादाभिधानवत् ॥ ३३ ॥

मनु महाराज के इन श्लोकों में कहीं भी समाक्षर या विषमाक्षर की चर्चा नहीं है।

कुछ गृह्यसूत्रकार भी अक्षरवाली धारणा को नहीं मानते। यथा—

"जननादूर्ध्वं दशरात्राच्छतरात्रात्संवत्सराद्वा नाम कुर्यात् ॥ ६ ॥ स्नाप्य कुमारं करिष्यत उपविष्टस्य शुचिनाऽऽच्छाद्य माता प्रयच्छेदुदक्छिरसम् ॥ ७ ॥ अनुपृष्ठं गत्वोत्तरत उपविशेत् ॥ ८ ॥ हुत्वा कोऽसीति तस्य मुख्यान् प्राणानभिमृशेत् ॥ ९ ॥ असाविति नाम

कुर्यात्तदेव मन्त्रान्ते ॥ १० ॥ मात्रे ॥ प्रथममाशिताय ॥ १२ ॥" खादिर (= द्राह्यायण) गृह्यसूत्र (पटल २, खण्ड ३) के इस पूरे नामकरण प्रकरण में समाक्षरता या विषमाक्षरता का कोई उल्लेख नहीं है।

प्राचीन ऐतिहासिक नामों पर दृष्टि डालने से भी यही परिलक्षित होता है कि तब अक्षर-बन्धन वाली बात नहीं थी। यथा—

(i) ईश्वर से वेदों के साक्षात् लाभकर्ता चार ऋषियों में से दो विषमाक्षर-नाम वाले हैं— आदित्य और अङ्गिराः।

(ii) यजुर्वेद के शाखाप्रवर्त्तक ऋषियों में से उपलब्ध ८६ ऋषिनामों में ४८ विषमाक्षर हैं। यथा—कलिङ्ग, ऋचाभ, कलाप, चुलभि, सुमति, आप्रीत, कृशाश्व, सुमूलि, सोमावि, इलक, मधुक, कहोड, चरक, हरिद्रु, वराह, छगलि आदि।

(iii) ऋग्वेद के मन्त्रार्थद्रष्टा ऋषियों में २० % से अधिक के नाम विषमाक्षर हैं। यथा— अनिल, अयास्य, अरुण, उचथ्य, कर्णश्रुत्, देवल, द्युम्नीक, धरुण, नहुष, नाभाक, नारद, प्रचेताः, मूर्धन्वान्, भुवन, पृषध्र, वसिष्ठ, विहव्य, सुकक्ष, सुमित्र, हर्यत आदि।

(iv) सत्रह प्रजापतियों में से ११ विषमाक्षर-नामा हैं— कर्दम, विकृत, संश्रय, मरीचि, पुलस्त्य, अङ्गिराः, प्रचेताः, पुलह, विवस्वान्, अरिष्टनेमि, कश्यप।

(v) क—वाल्मीकीय रामायण में महाराज राम के ३६ पूर्वजों के नाम उद्धृत हैं। उनमें से २० के नाम विषमाक्षर हैं— मरीचि, कश्यप, विवस्वान्, इक्ष्वाकु, विकुक्षि, त्रिशङ्कु, मान्धाता, सुसन्धि, भरत, असित, सगर, अंशुमान्, दिलीप, ककुत्स्थ कल्माषपाद, शङ्खण, शीघ्रग, नहुष, ययाति, नाभाग।

ख-दशरथ के अद्वितीय चार पुत्रों के विधिवत् नामकरण-संस्कार-पूर्वक जो नाम रखे गये उनमें से तीन विषमाक्षर हैं—भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न।

ग-दशरथ के आठ अमात्यों में ५ के नाम विषमाक्षर हैं—जयन्त, विजय, सुराष्ट्र, सुमन्त्र, राष्ट्रवर्धन।

घ-सात मन्त्रियों में से ५ विषमाक्षरनामा हैं—सुयज्ञ, जाबालि, (गोतम—) गौतम, दीर्घायु।

ङ-दो ऋत्विजों में से एक का विषमाक्षर नाम है—वसिष्ठ।

च-सीता के २३ पूर्वजों के उद्धृत नामों में ७ विषमाक्षर हैं—जनक, नन्दिवर्धन, सुकेतु, सुधृति, हर्यश्व, विबुध, जनक।

(vi) पुराकाल में हुए पन्द्रह चक्रवर्ती राजाओं में से ६ के नाम विषमाक्षर हैं—सुद्युम्न, कुवलयाश्व, वध्र्यश्व, ननवतु, सर्याति, ययाति। (मैत्र्युप० १.४)

(vii) क—महाभारत में प्रसिद्ध ५ पाण्डवों में से २ विषमाक्षरनामा हैं—अर्जुन, नकुल ।

ख—धृतराष्ट्र के पुत्रों में से ३३ के नाम विषमाक्षर हैं । यथा—युयुत्सु, दुःसह, दुःशल, दुष्प्रधर्षण, विवित्सु, सुवर्मा, सुषेण, सुहस्त, सुवर्चाः, अभय, विरजाः आदि ।

